आईनॉक्सविंड लिमिटेड को कॉन्टिन्नम विंड एनर्जी से 170 मेगावट का आर्डर प्राप्त

नई दिल्ली, 16 जून-(मिलाप ब्यूरो) देश में पवन ऊर्जा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी गुजरात फ्लयूरोकेमिकल्स लिमिटेड की सहायक कम्पनी आईनॉक्सविंड लिमिटेड को कॉन्टिन्नम विंड एनर्जी से 170 मेगावॉट का ऑर्डर मिला है। सिंगापुर की कॉन्टिन्नम विंड एनर्जी का अप्रत्यक्ष स्वामित्व मुख्य रूप से मोर्गन स्टैनली इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स के पास है। यह परियोजना मध्य प्रदेश के रतनलाम एवं मंदसौर जिलों में क्रियान्वित की जायेगी तथा एकल परियोजना के रूप में यह देश में सबसे बड़े विंड टर्बाइन ऑर्डर में से एक है।

900 करोड़ रुपये मूल्य के 100 मीटर रोटर व्यास वाली 2 मेगावॉट विंड टर्बाइन की 85 इकाईयों की आपूर्ति के ऑर्डर में जाने-माने 2 मेगावॉट विंड टर्बाइन प्लेटफार्म का ही एक वैरियेंट है। आईनॉक्स इस परियोजना के निर्माण एवं आरंभ करने के अलावा इसके संचालन एवं रखरखाव का निष्पादन भी करेगा।

इस अवसर पर बोलते हुए आईनॉक्स विंड लिमिटेड के सी.ई.ओ. कैलाश ताराचंदानी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक आर्डर है, जो कि अत्यधिक प्रतिस्पर्धापूर्ण भारतीय विंड बाजार में हमारे प्रतिस्पर्धात्मक स्थान को दर्शाता है। प्रौद्योगिकी एवं ग्राहक केन्द्रस्थता पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ हमने इस नये उत्पाद को अपने क्लाइंटों के लिये लांच किया है जो पवन की गति कम होने पर भी अनुकूलतम ऊर्जा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

आईनॉक्स विंड लिमिटेड के निदेशक देवांश जैन ने कहा कि हमें कॉन्टिन्नम विंड एनर्जी द्वारा भारत के अग्रणी नवीकरणीय आई.पी.पी. बनने की महत्वाकांक्षी योजना में साझेदार बनने पर बहुत ही खुशी है। आईनॉक्स की 100 मीटर रोटर व्यास टर्बाइन से भारत में पवन ऊर्जा उद्योग में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की अपेक्षा है। हम भारत में पवन ऊर्जा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी के रूप में आगे बढ़ने के लिये अपनी सुदृढ़ प्रतिस्पर्धी पोजिशनिंग का लाभ उठाते रहेंगे।

सिंगापुर स्थित कॉन्टिन्नम विंड एनर्जी का प्रमुख स्वामित्व अप्रत्यक्ष रूप से मोर्गन स्टैनली इंफ्रास्ट्रक्चर के पास है, जो कि एक अग्रणी इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश प्लेटफार्म है, जो दुनियाभर में समुदायों को आवश्यक सार्वजनिक वस्तुओं तथा सेवाओं को प्रदान करने से संबंध इन्फ्रास्ट्रक्चर परिसंपत्तियों में दीर्घकालिक निवेश पर ध्यान केन्द्रित करती है। मोर्गन स्टैनली इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.morganstanley.com/infastructure देखें तथा कॉन्टिन्नम विंड एनर्जी और इसकी योजनाओं के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया www.continuumenergy.in देखें।

आईनॉक्सविंड भारत में पवन ऊर्जा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक है, जिसके उत्पादन संयंत्र गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश में है। आईनॉक्सविंड अपने ग्राहकों को सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करती है। इसमें विंड टर्बाइन जनरेटर्स का निर्माण एवं आपूर्ति करने के द्वारा टर्नकी समाधान प्रदान किये जाने समेत विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान किया जाना शामिल है, जिसमें पवन संसाधन मूल्यांकन, साइट अधिग्रहण, परियोजना विकास, निर्माण एवं आरंभ तथा पवन ऊर्जा परियोजनाओं का दीर्घकालिक संचालन एवं रखरखाव प्रदान किया जाना भी शामिल है।

आईनॉक्सविंड वर्तमान में गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा आन्ध्र प्रदेश में परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है।